रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सत्यमेव जयते

सी.जी.-डी.एल.-सा.-10122021-231753
**CG-DL-W-10122021-231753**

**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**
**साप्ताहिक**
**WEEKLY**

**सं. 41] नई दिल्ली, नवम्बर 28 - दिसम्बर 4, 2021, शनिवार/ अग्रहायण 7- अग्रहायण 13, 1943**
**No. 41] NEW DELHI, NOVEMBER 28 -DECEMBER 4, 2021, SATURDAY/ AGRAHAYANA 7- AGRAHAYANA 13, 1943**

**इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके**
**Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation**

**भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)**
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों ( संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं )**

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

---

**लोक सभा सचिवालय**

नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 2021

**सा.का.नि. 147.**—कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 4 के निर्बंधनों के अनुसार, लोक सभा सचिवालय में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण तथा लैंगिक उत्पीड़न और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों से संबन्धित शिकायतों को दूर करने के लिए एक 'आंतरिक परिवाद समिति' का गठन किया गया है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे । इस प्रयोजन हेतु गठित समिति के सदस्यों का कार्यकाल 25.09.2021 से एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, होगा ।

| | | |
|---|---|---|
| (एक) | श्रीमती सुमन अरोड़ा<br>संयुक्त सचिव | पीठासीन अधिकारी |
| (दो) | श्रीमती ममता केमवाल<br>निदेशक | सदस्य |
| (तीन) | श्री संतोष कुमार<br>निदेशक | सदस्य |
| (चार) | श्रीमती माया लिंगी<br>निदेशक | सदस्य सचिव |
| (पांच) | श्रीमती अनुजा पेठिया<br>अधिवक्ता | सदस्य |

[सं.फा.7/52/2009/वीयू/जीएन-9177/2021]

श्रीनिवासुलु गुंडा, निदेशक

## LOK SABHA SECRETARIAT

New Delhi, the 21st September, 2021

**G.S.R. 147.—**In terms of Section 4 of the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013, an "Internal Complaints Committee", has been constituted comprising of the following members to provide protection against sexual harassment of women at workplace of Lok Sabha Secretariat and for redressal of complaints of harassment and for matters connected therewith or incidental thereto. The tenure of the members of the Committee constituted for the purpose will be for a period of one year with effect from 25.09.2021 or until further orders whichever is earlier.

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Smt. Suman Arora<br>Joint Secretary | Presiding Officer |
| (ii) | Smt. Mamta Kemwal<br>Director | Member |
| (iii) | Shri Santosh Kumar<br>Director | Member |
| (iv) | Smt. Maya Lingi<br>Director | Member-Secretary |
| (v) | Smt. Anuja Pethia<br>Advocate | Member |

[No. F.7/52/2009-VU/GN-9177/2021]

SRINIVASULU GUNDA, Director

## गृह मंत्रालय

## (पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो)

नई दिल्ली, 30 नवम्बर, 2021

**सा.का.नि. 148 .**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में सिपाही (माली) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः –

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**— (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल, सिपाही (माली) भर्ती नियम, 2021 है।

(ii) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर .**— उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर वह होंगे, जो इन नियमों के संलग्न अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं, आदि.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**— वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**— जहां केंद्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए कारण लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी भी उपबंध को किसी वर्ग या श्रेणी के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकती है।

6. **व्यावृति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों. भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

## अनुसूची

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन-मैट्रिक्स में स्तर | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| सिपाही (माली) | 03* (2021)<br>*(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है) | साधारण केंद्रीय सेवा,<br>समूह 'ग',<br>अराजपत्रित,<br>अननुसचिवीय | वेतन-मैट्रिक्स में स्तर-3 (रु. 21,700-69,100/-) | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | क्या सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति, सीधे भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति द्वारा |

| प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे लेवल जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने की किन परिस्थितयों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **प्रतिनियुक्तिः**<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकारी जो:-<br>(क) (i) अपने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण करते हों; या<br>(ii) मूल काडर अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर —2 (19,900 - 63,200/-) में नियुक्ति पश्चात तीन वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हो; और<br>(ख) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण ।<br>**टिप्पण 1.** - प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्रीय सरकार या किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>टिप्पण 2. – प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी । | लागू नहीं होता | लागू नही होता। |

[फा. सं. 23011/212/2016-पीटी/ बी.पी.आर एंड डी]

सुनील बरेजा,अवर सचिव

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

**(Bureau of Police Research and Development)**

New Delhi, the 30th November, 2021

**G.S.R. 148.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Constable (Mali), Central Academy for Police Training, Bhopal under the Bureau of Police Research and Development, Ministry of Home Affairs, namely :-

**1. Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Bureau of Police Research & Development, Central Academy for Police Training, Bhopal, Constable (Mali), Recruitment Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of posts, classification and level in the pay matrix.—**The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.—** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the Schedule annexed to these rules.

4. **Disqualifications.—** No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person.

shall be eligible for appointment to the said post;

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules, with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, ex-servicemen and other special categories of person in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age- limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Constable (Mali) | 03* (2021)<br>*Subject to variation dependent on workload | General Central Service<br>Group 'C',<br>Non-Gazetted,<br>Non-Ministerial | Level-3 (Rs 21,700-69,100/-) in the pay matrix | Not applicable | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies be filled by various methods |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | By deputation |

| In case of recruitment by promotion or deputation/absorption, level from which promotion or deputation/ absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Deputation :**<br>Officers under the Central Government or State Government or Union territories,-<br>(a)(i) holding analogous post on a regular basis in the parent cadre or department; or<br>(ii) with three years' service rendered after appointment to the post on a regular basis in level-2 (Rs. 19,900-63,200/-) in the pay matrix in the parent cadre or department; and<br>(b) 10th pass from recognised board.<br>**Note 1**: The period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not to exceed three years.<br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the last date of receipt of applications. | Not applicable | Not applicable. |

[F. No. 23011/212/2016-PT/BPR&D]
SUNIL BAREJA, Under Secy.

नई दिल्ली, 30 नवम्बर, 2021

**सा.का.नि. 149**.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में **प्रशिक्षक/ संकाय (प्रशिक्षण)** के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**.— (क) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल, प्रशिक्षक/ संकाय (प्रशिक्षण), समूह "क" भर्ती नियम, 2021 है।

(ख) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को लागू होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर**.—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर वह होंगे, जो इन नियमों के साथ उपबंध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं, आदि**.—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति,आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—**कोई ऐसा व्यक्ति -

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परंतु यदि केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केंद्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए कारण लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी भी उपबंध को किसी वर्ग या श्रेणी के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकती है।

6. **व्यावृत्ति.**— केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय- समय पर जारी किए गए आदेशों के अंतर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए दिए गए आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर इन नियमों की किसी बात का कोई प्रभाव नहीं होगा।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन-मैट्रिक्स में स्तर | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| प्रशिक्षक/संकाय (प्रशिक्षण) | 10* (2021)<br>*(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है) | साधारण केंद्रीय सेवा,<br>समूह 'क',<br>अराजपत्रित,<br>अननुसचिवीय | स्तर -10<br>(रु.44,900-1,42,400/-) | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा मे लागू होंगी । | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति, सीधे भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति द्वारा |

| प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे लेवल जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने की किन परिस्थितयों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा । |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **प्रतिनियुक्तिः**<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्री पुलिस संगठनों के ऐसे अधिकारी जो:-<br>(क) (i) अपने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण करते हों; या | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति पद पर भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श आवश्यक है। |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) वेतन मैट्रिक्स के स्तर - 9 (रु. 53,100-1,67,800/-) या स्तर-8 (रु. 47,600-1,51,100/-) के पद पर नियमित नियुक्ति के पश्चात दो वर्ष की सेवा कर चुके हों; और<br>(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते होः-<br>आवश्यकः<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक ड्रिग्री।<br>(ii) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य सरकार क्षेत्र पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में तीन वर्ष का अनुभव।<br>(iii) पुलिस कर्मियों के इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण की योजना, समन्वय और आयोजन में अनुभव।<br>**टिप्पण 1.** - प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्रीय सरकार या किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य पद पर प्रतिनियुक्त की अवधि सहित साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण 2.** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। | | |

[फा. सं.-23011/226/2016-पीटी/ बी.पी.आर एंड डी]

सुनील बरेजा, अवर सचिव

New Delhi, the 30th November, 2021

**G.S.R. 149.—** In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of **Instructor/Faculty (Training)** in the Ministry of Home Affairs, Central Academy for Police Training, Bhopal under the Bureau of Police Research and Development, Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement.—** (a) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Bureau of Police Research and Development Central Academy for Police Training, Bhopal, Instructor/Faculty (Training), Group 'A' Recruitment Rules, 2021.

(b) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in the pay matrix. .—**The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc..—**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

4. **Disqualifications.—**No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Instructor/Faculty (Training) | 10* (2021)<br>*Subject to variation dependent on workload | General Central Service<br>Group 'A',<br>Non-Gazetted,<br>Non-Ministerial | Level-10<br>(Rs.56,100-77,500/-) in the Pay matrix | Not applicable | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | By deputation |

| In case of recruitment by promotion or deputation/absorption grades from which promotion or deputation/absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Deputation:**<br>Officers of the Central Government or State Government or Union territory police organizations:<br>(a) (i) holding analogous post on a regular basis in the parent cadre or department; or<br>(ii) with two years' regular service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in the post in level-9 (Rs. 53100-167800/-) or level-8 in the pay matrix (Rs. 47600-151100/-); and<br>(b) possessing the following qualification and experience;<br>Essential: | Not applicable | Consultation with the Union Public Service Commission is necessary for filling up the post on deputation |

| | | |
|---|---|---|
| (i) Bachelors Degree from a recognised university;<br>(ii) three years experience in the Central Government or State Government or Union territory police training institute.<br>Desirable:<br>(iii) experience in planning, coordinating and organising indoor and outdoor training of police personnel.<br>**Note 1:** The period of deputation including the period of deputation in another *ex-cadre* post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.<br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications. | | |

[F. No. 23011/226/2016-PT/BPR&D]
SUNIL BAREJA, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर, 2021

**सा.का.नि. 150 .—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में मुख्य ड्रिल अनुदेशक के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—** (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल मुख्य ड्रिल अनुदेशक, भर्ती नियम, 2021 है।

(ii) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर.—**पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर वह होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.—**उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—**वह व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को  इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकती है।

6. **व्यावृति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियातों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन-मैट्रिक्स में स्तर | चयन पद या अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| मुख्य ड्रिल अनुदेशक | 01* (2021)<br>*(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)। | साधारण केंद्रीय सेवा,<br>समूह 'क',<br>राजपत्रित,<br>अननुसचिवीय | वेतन-मैट्रिक्स में स्तर-11<br>(67,700-2,08,700/- रु.) | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति, सीधे भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे क्षेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने की किन परिस्थितयों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **प्रतिनियुक्तिः**<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य-क्षेत्रों के ऐसे अधिकारी:-<br>(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति पश्चात सदृश्य पद धारण किये हुए हों; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर - 10 (56,100-1,77,500/- रु,) में नियमित आधार पर उस पद पर | लागू नहीं होता | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

| | | |
|---|---|---|
| नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष की सेवा की हो; और<br>(ख) निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव रखते होः-<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक ड्रिग्री, और<br>(ii) प्लानिंग, समन्वय और बाहरी प्रशिक्षण गतिविधियों के अनुभव सहित ड्रिल अनुदेशक के रूप में पांच वर्षों का अनुभव;<br>**टिप्पण-1** - प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिनके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्त की अवधि, साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण-2** - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। | | |

[फा. सं. 23011/82/2013-पीटी/ बी.पी.आर एंड डी]

सुनील बरेजा, अवर सचिव

New Delhi, the 3rd December, 2021

**G.S.R. 150.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Chief Drill Instructor in Central Academy for Police Training, Bhopal under the Bureau of Police Research and Development, Ministry of Home Affairs, namely :-

1. **Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the, Central Academy for Police Training, Bhopal, Chief Drill Instructor, Recruitment Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in the pay matrix.—**The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.—**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post, shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

4. **Disqualification.—**No person -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds, for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the ex-Servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | **(4)** | (5) | (6) |
| Chief Drill Instructor | 01* (2021)<br>*(Subject to variation dependent on workload) | General Central Service,<br>Group 'A',<br>Gazetted<br>Non-Ministerial | Level-11 (Rs. 67,700-2,08,700/-) in the pay matrix | Not applicable | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the vacancies be filled by various methods |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | Deputation |

| In case of recruitment by promotion or deputation/ absorption, grades from which promotion or deputation/ absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Deputation:**<br>Officers of the Central Government or State Government or Union territories, -<br>(a) (i) holding analogous post after appointment thereto on regular basis in parent cadre or department; or<br>(ii) with five years service in the post after appointment thereto on regular basis in level-10 (Rs. 56100-177500/-) in the pay matrix in the parent cadre or department; and<br>(b) possessing the following qualification and experience namely: -<br>(i) Bachelors degree from a recognised university; and<br>(ii) five years experience as Drill Instructor including experience of planning, coordinating and conducting outdoor training activities;<br>**Note 1:** The period of deputation, including the period of deputation in another ex-Cadre post | Not applicable. | Consultation with Union Public Service Commission is necessary. |

| | | |
|---|---|---|
| held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not to exceed four years.<br><br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications. | | |

[F. No. 23011/82/2013-PT/BPR&D]

SUNIL BAEJA, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर, 2021

**सा.का.नि. 151.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के अधीन केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में पशु-चिकित्सा अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो, केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल, पशु-चिकित्सा अधिकारी भर्ती नियम, 2021 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को लागू होंगे।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर.—**पद संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन-मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमो के साथ संलग्न अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा अर्हताएं, आदि.—** भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—**वह व्यक्त -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी भी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृति.—** आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर इन नियमों की किसी बात, ऐसे प्रभाव नहीं डालेंगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अंतर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण। | वेतन-मैट्रिक्स में स्तर | चयन अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| पशु-चिकित्सा अधिकारी | 01* (2021)<br>*(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है) | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अनुसचिवीय | स्तर-11 (रु.67,700-2,08,700/-) **+** प्रैक्टिसबंदी भत्ता (मूल वेतन का 20 प्रतिशत, इस शर्त पर अधीन रहते हुए कि मूल वेतन और प्रैक्टिसबंदी भत्ता रुपये 2,37,500/- से अधिक न हो | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्तिय/ आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितयों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
